सार-समाचार

भुसावर में हाईवे चालक अपहरण-लूट कांड का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

भुसावर, भरतपुर (निसं)। भुसावर पुलिस ने हाईवे चालक के अपहरण, लूट और मारपीट के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी धारासिंह उर्फ धारा मीणा (21) को करौली के जंगल क्षेत्र से पकड़ा गया। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक दिगंत आनंद के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। थानाधिकारी रामदयाल मीणा ने बताया कि इस संबंध में रामकेश गुर्जर निवासी कोटकी ने 21 अप्रैल 2026 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार, उनके भाई मुकुट गुर्जर का महावीर स्टोन क्रेशर के पास से अपहरण कर लिया गया था। आरोपियों ने मुकुट गुर्जर को बोलेरो में डालकर ले जाकर मारपीट की और उससे नकदी व मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए थे। थानाधिकारी ने बताया कि पुलिस आरोपी से लूटी गई राशि और मोबाइल के संबंध में पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी धारासिंह उर्फ धारा मीणा पुत्र जघन्या निवासी पालमपुर, थाना सदर हिंडौन के खिलाफ पहले भी मारपीट सहित अन्य आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा, और अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। इस टीम में थानाधिकारी रामदयाल मीणा के साथ कांस्टेबल रम्मो, हजारीलाल और जितेंद्र शामिल थे।

परशुराम जयंती शोभायात्रा को लेकर 28 अप्रैल को ब्राह्मण धर्मशाला में बैठक

भरतपुर (निसं)। भगवान परशुराम जी के अभिषेक के बाद भगवान की शोभायात्रा शहर में निकालने बावत 28.4.2026 को श्री ब्राह्मण धर्मशाला खिरनी घाट पर विचार के लिये मीटिंग रखी गई है। जिसका समय सांय 4 बजे मुकर्रर किया जाता है। सभी विप्र बन्धु इस चर्चा में भाग लेने के लिये आमंत्रित हैं।

भरतपुर बाज़ार में नाले साफ़ करने से पहले नये फेरोकवर जरूरी

भरतपुर (निसं)। बाज़ार में बड़े नाले साफ़ करने से पहले फेरोकवर जरूरी हैं। बाज़ार में नाले साफ़ हो रहे हैं परन्तु फेरोकवर टूटे पड़े व नये नहीं आये जिससे ग्राहकों को खड़े होने में परेशानी हो रही है तथा कभी कभी बच्चे इसमें गिर जाते हैं तथा अनेक ग्राहक चोटल हो रहे हैं। अध्यक्ष रमेश चंद कसेरा ने कहा कि इस समय बाज़ार में नालों की सफ़ाई चल रही है जिसमें नाले साफ़ करने का कोई समय नहीं है, दुकानदारी के समय नाले साफ़ कर रहे हैं जिससे भंयकर कीचड़ व बदबू से दुकानदार व ग्राहक परेशान हैं, कीचड़ को हाथों-हाथ उठाया नहीं जाता है तथा कीचड़ निकालने के बाद फेरोकवरों को नहीं लगाते हैं तथा फेरोकवरों को खुद ही तोड़ देते हैं। उनके जाने के बाद जैसे-तैसे दुकानदार उन टूटे हुए फेरोकवरों को स्वयं लगाते हैं जिससे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है प्रशासन का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। अत: कीचड़ को निकालने से पहले नये फेरोकवर भिजवाने चाहियें।

यदुवंशी सैनी समाज पाल 12 गांव की प्रथम कार्यकारिणी बैठक 10 मई को

भरतपुर (निसं)। यदुवंशी सैनी समाज पाल 12 गांव के अध्यक्ष रामेश्वर सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि समाज की प्रथम कार्यकारिणी बैठक 10 मई 2026, रविवार दोपहर 12 बजे को भरतपुर के एक गार्डन में आयोजित की जाएगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में समाज हित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज में फैल रही कुरीतियों को समाप्त करने की दिशा में ठोस निर्णय लेना है। विशेष रूप से दहेज प्रथा, मृत्यु भोज जैसी सामाजिक बुराइयों को रोकने के लिए जागरूकता एवं सामूहिक संकल्प पर जोर दिया जाएगा। इसके साथ ही बैठक में शिक्षा के महत्व पर विशेष चर्चा होगी। समाज के बच्चों, विशेषकर बालिकाओं की शिक्षा और उन्नित को प्राथमिकता देने का आव्हान किया जाएगा। यह संदेश भी दिया जाएगा कि समाज में बालक और बालिका के बीच किसी प्रकार का भेदभाव न किया जाए, दोनों को समान अवसर दिए जाएं। बैठक में बयाना स्थित यदुवंशी सैनी समाज गोविंद देव महाराज मंदिर की दुकानों एवं मंदिर भूमि से संबंधित गंभीर विषयों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। पूर्व में कथित रूप से गलत तरीके से संपत्तियों के विक्रय जैसे मामलों पर समाज के समक्ष तथ्य रखे जाएंगे और उचित निर्णय लेने की दिशा में कदम बढ़ाए जाएंगे। इस बैठक में भरतपुर, बयाना, हिंडौन, महावीरजी, सिकंदरा, मालीपुर, कंजौली, कुबेर, सिनसिनी, भुसावर, नदबई, गाडोली, फतेहपुर सीकरी, बनाबाई सहित अनेक क्षेत्रों के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य भाग लेंगे। समाज के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से समय पर उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने की अपील की गई है।

मन की बात कार्यक्रम का महिला मोर्चा की महिलाओं ने 133 वां एपिसोड सुना

करौली,भाजपा महिला मोर्चा, जिला संयोजक विद्या वैष्णव के नेतृत्व में रविवार- को अपने निज निवास जड़ीया की बगीची पर देश के यशस्वी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का हर माह के अंतिम रविवार को आने वाले मन की बात का 133 वां-- एपिसोड सुबह 11:00 से 11:30 बजे तक, कार्यक्रम सभी महिला मोर्चा की पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने टेलीविजन पर सुना एवं देखा।इस कार्यक्रम में महिला मोर्चा भाजपा जिला संयोजक विद्या वैष्णव, कोमल शर्मा, ज्योति शर्मा, श्वित्रा शर्मा, प्रियंका , अनुसूईया अंजू आशीष एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

भाजपा संगठन में सत्यवीर सिंह व हरेन्द्र सिंह बने मंडल उपाध्यक्ष

भरतपुर (निसं)। मण्डल स्तर पर संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से पंडित दीनदयाल उपाध्याय शहर मण्डल अध्यक्ष चन्द्रवीर जघीना ने भाजपा जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा के निर्देशानुसार सत्यवीर सिंह एवं हरेन्द्र सिंह को मण्डल में उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। सत्यवीर सिंह एवं हरेन्द्र सिंह का संगठन के प्रति समर्पण, सक्रियता एवं कार्यशैली को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अवसर पर जिले एवं मण्डल के सभी पदाधिकारीयों ने उन्हें शुभकामनाएँ दीं और उज्जवल कार्यकाल की कामना की।

प्रयास संस्था द्वारा कन्या विवाह का भव्य आयोजन, समाज सेवा की मिसाल

- भावना के साथ वे अपने परिवार व रिश्तेदारों सहित भरतपुर आए और इस विवाह को पूर्ण रूप से संपन्न कराया

भरतपुर (निसं)। प्रयास संस्था के तत्वाधान में अग्रवाल धर्मशाला, खिरनी घाट पर एक जरूरतमंद कन्या के विवाह का भव्य एवं सराहनीय आयोजन किया गया। इस पुण्य कार्य में गुरुग्राम निवासी महेंद्र गोयल एवं सीमा गोयल द्वारा कन्यादान किया गया, जो अपने पूरे परिवार सहित समारोह में उपस्थित रहे और विवाह को अपनी पुत्री की तरह संपन्न कराया।

संस्था की सदस्य सिपिका गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजेश मित्तल, राकेश मित्तल, अतुल मित्तल एवं पुनीत गोयल उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि गोयल परिवार के दो पुत्र हैं और उनकी इच्छा एक कन्या का विवाह कराने की थी। इसी भावना के साथ वे अपने परिवार व रिश्तेदारों सहित भरतपुर आए और इस विवाह को पूर्ण रूप से संपन्न कराया। इस अवसर पर गुरुग्राम से पधारे परिवारजनों में महेंद्र गोयल, सीमा गोयल, चिराग गोयल, लक्ष्मी मंजू, विनोद गोयल, अमिता गोयल, सतेंद्र-बबीता, पंकज, मयंक-सुरभि गोयल, सचिन-राखी, विजय-लक्ष्मी सिंघल, वेद प्रकाश-संतोष गुप्ता सहित सभी का विशेष सहयोग रहा। संस्था की सचिव अलका मित्तल ने बताया कि प्रयास संस्था अब तक 45 कन्याओं को कन्यादान सामग्री प्रदान कर चुकी है, लेकिन यह पहला अवसर है जब संस्था ने स्वयं विवाह समारोह का पूर्ण आयोजन किया है।

उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में जागरूकता लाते हैं और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के सपनों को साकार करने में मददगार होते हैं। संस्था की उपाध्याय डिंपल मित्तल ने बताया कि संस्था ने कन्या भावना की शादी कर उसके सपनों को साकार किया। विवाह को धूमधाम से होते देख कन्या अत्यंत खुश थी और उसके परिवार ने भी बिना कर्ज के बेटी की शादी संपन्न होने पर संतोष और खुशी व्यक्त की।

संस्था की संस्थापक अंजू मित्तल ने कहा कि संस्था भविष्य में भी ऐसे समाजसेवी कार्य करती रहेगी। उन्होंने बताया कि संस्था को एक और कन्या के विवाह का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और जल्द ही एक और विवाह आयोजन किया जाएगा। जो भी व्यक्ति इस पुण्य कार्य से जुड़ना चाहते हैं, वे संस्था के सदस्यों से संपर्क कर सकते हैं। इस विवाह समारोह में कन्या को सोने की नथ, कानों के कुंडल, चाँदी की अंगूठी, पायल-बिछुए, गले का सेट, पलंग, फ्रिज, टीवी, कूलर, गद्दे, टेबल-कुर्सी, साड़ी, पेंट-शर्ट, मेकअप किट, टेबल सेट, डिनर सेट सहित अनेक उपयोगी उपहार प्रदान किए गए। साथ ही बारातियों के लिए मिलनी, नाश्ता एवं भोजन की उत्कृष्ट व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम में डॉली गोयल, निधि गोयल, पूजा गर्ग, मीरा गोयल, निशा वशिष्ठ, सलोनी अग्रवाल, रानी सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। यह आयोजन समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है कि सामूहिक प्रयास और सेवा भावना से जरूरतमंदों के जीवन में खुशियां लाई जा सकती हैं।

90 प्रति'ात से अधिक अंक लाने वाले छात्रों का सम्मान

भरतपुर (निसं)। आदर्श विद्या मन्दिर समिति भरतपुर द्वारा उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मन्दिर केशव नगर भरतपुर में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान की कक्षा 10वीं व 12वीं में 90 प्रतिशत व इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले भैया बहिनों का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। प्रतिभा सम्मान की अध्यक्षता रोहित महाराज जी महन्त प्राचीन हनुमान मन्दिर एवं दानी श्री श्याम बाबा मन्दिर भरतपुर ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नीलिमा तक्षक अतिरिक्त संभागीय आयुक्त भरतपुर, मुख्य वक्ता भरतराम कुम्हार उपाध्यक्ष विद्या भारती राजस्थान विशिष्ट अतिथि दीनदयाल गोयल कोमल इंडस्ट्रीज भरतपुर व राजीव चौधरी एम.एस.एठो. आयल इंडस्ट्रीज भरतपुर रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों के मा शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित कर वन्दना के साथ हुआ। कार्यक्रम में कक्षा 10वीं के 54 व कक्षा 12वीं के 15 भैया बहिनों का प्रतिभा सम्मान किया गया। इसके खेलकूद में 2 भैया बहिनों का श्रेष्ठ आचार्य प्रधानाचार्यों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भरतराम कुम्हार उपाध्यक्ष विद्या भारती राजस्थान ने बताया कि बोर्ड के सभी परीक्षा परिणामों में आदर्श विद्या मन्दिरों का परिणाम श्रेष्ठ रहता है। मुख्य अतिथि नीलिमा तक्षक ने आदर्श विद्या मन्दिर के संस्कारों की प्रसंशा की जिसे उन्होंने प्रत्यक्ष में देखा भी था। रोहित महाराज जी का सभी आशीर्वाद प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की प्रस्तावना आदर्श विद्या मन्दिर समिति भरतपुर के व्यवस्थापक मल्ल सिंह ने प्रस्तुत की। आदर्श विद्या मन्दिर समिति भरतपुर के जिला सचिव सन्तोष कुमार कटारा ने बताया कि इस प्रतिभा सम्मान समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रान्त संघ चालक महेंद्र सिंह मग्गो, विद्या भारती संस्थान जयपुर के सह मंत्री विजय सिंह फौजदार प्रान्त निरीक्षक अरुण कुमार दुबे, भारतीय जनता पार्टी भरतपुर की जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा पूर्व जिला अध्यक्ष एडवोकेट सत्येन्द्र गोयल कविता गोयल गिरधारी लाल गुप्ता, कमल किशोर शर्मा, सुरेश कुन्तल अशोक वैद्य आदर्श विद्या समिति भरतपुर के अध्यक्ष डॉ योगेंद्र भानु व्यवस्थापक मल्ल सिंह कोषाध्यक्ष अमित कुमार अग्रवाल, नरेश खण्डेलवाल, शंकर लाल अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल लक्ष्मण सिंह, राजीव मीणा हेमराज गोयल, जसवीर कौर यदुवीर डागुर भाजपा जिला महामंत्री भगवानदास शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला संस्कार केन्द्र प्रमुख चौतन्य प्रकाश अग्रवाल ने किया। डॉ योगेंद्र भानु ने सभी का आभार व्यक्त किया। शान्ति मन्त्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

दुकान में लगी आग से लाखों का नुकसान

छबड़ा (निसं)। नगर के विद्युत निगम कार्यालय के सामने स्थित एक क्रेन ब्रॉक शॉकर हेड की दुकान में रविवार को अलसुबह अज्ञात कारणों से आग लगने से व्यापक नुकसान हो गया। पालिका की दमकल टीम ने मौके पर पहुंचकर आग को फ़ैलने से रोका। दुकान मालिक गोलू उर्फ आदिल के अनुसार उन्हें सुबह करीब 5 बजे दुकान से धुआं उठने की सूचना मिलने पर तुरंत पालिका दमकल कर्मियों को सूचना दी। जब दुकान का शटर खोला गया, तो आग ने पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया था। दुकान में रखी कीमती मशीनरी और अन्य सामान जलकर खाक हो गए। इस घटना में लगभग 8 लाख रुपए का नुकसान बताया जा रहा है।

बाबा फिटनेस व सीपी हॉस्पीटल ब्लड बैंक ने लगाया रक्तदान शिविर

- युवाओ ने लिया बढचढ कर भाग
- रक्तदान शिविर में युवा भाग लेते हुए

गंगापुर सिटी । बाबा फिटनेस क्लब एवं सीपी हॉस्पिटल ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वावधान में एक विशाल एवं सफल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्र के युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और समाज सेवा की मिसाल पेश की।

शिविर के आयोजक अरुण चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम शुरू होने से पहले गणेश की पूजा अर्चना कर बाबा फिटनेस क्लब के सभी युवाओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। रक्तदान से पूर्व सभी रक्तदाताओं का स्वास्थ्य परीक्षण (हेल्थ चेकअप) भी किया गया, ताकि सुरक्षित एवं स्वस्थ रक्त संग्रह सुनिश्चित किया जा सके।

सीपी हॉस्पिटल ब्लड बैंक के इंचार्ज श्री सचिन शर्मा ने बताया कि रक्तदान एक अत्यंत पुण्य कार्य है, जिससे कई लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे समय-समय पर रक्तदान अवश्य करें और इस मानव सेवा के कार्य में अपनी भागीदारी निभाएं। उन्होंने आगे बताया कि सीपी हॉस्पिटल ब्लड बैंक में 24 घंटे मरीजों के लिए ब्लड एवं प्लेटलेट्स की सुविधा उपलब्ध रहती है, जिससे आपातकालीन परिस्थितियों में भी मरीजों को तुरंत सहायता मिल सके। शिविर के दौरान सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र एवं आभार स्वरूप सम्मानित किया गया। पूरे आयोजन के दौरान उत्साह और सेवा भाव का माहौल देखने को मिला। अंत में आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं, सहयोगियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों को जारी रखने का संकल्प लिया।

भरतपुर में जिला स्तरीय सीनियर क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज़

भरतपुर (निसं)। भरतपुर जिला क्रिकेट संघ भरतपुर के तत्वाधान में आयोजित की जा रही जिला स्तरीय सीनियर क्रिकेट प्रतियोगिता का आज एक भव्य समारोह के रूप मे आग़ाज़ हुआ समारोह के मुख्य अतिथि बार काउंसिल ऑफ़ भरतपुर के अध्यक्ष के के शर्मा (मिंडा) रहे एवं अध्यक्षता जिला खेल अधिकारी अभिषेक पवार ने की एवं विशिष्ट अतिथि यूनाइटेड इंडिया बीमा कंपनी के प्रशासनिक अधिकारी महेश चंद्र गुप्ता रहे।जिला क्रिकेट संघ भरतपुर के सचिव शत्रुघन तिवारी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में सभी पंजीकृत क्लब व अन्य टीमों ने भाग लिया है आज का पहला मैच जवाहर नगर क्लब बनाम यंग फ्रेंड्स क्लब के मध्य हुआ यंग फ्रेंड्स क्लब में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और निर्धारित 25 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 127 रन बनाए जिसमें सर्वाधिक देवांग 52 रन और शुभम धाकड़ ने 28 रन का योगदान दिया जवाहर नगर क्लब की तरफ से नवदीप और अर्थव ने 3-3 विकेट लिए जवाब में जवाहर नगर क्लब ने यह मैच 18.2 ओवर में 5 विकेट से जीत लिया जिसमें सर्वाधिक रन ध्रुव गुप्ता 42 रन तथा मन्नू सैनी 28 रन बनाए जवाब में यंग फ्रेंड्स की तरफ से तनिष्क और देवांग ने 2-2 विकेट लिया तथा दूसरा मैच रणजीत नगर क्लब और रॉयल क्लब के बीच हुआ रणजीत नगर क्लब ने पहले बैटिंग की और पूरी टीम 65 रन पर ऑल आउट हो गई जिसमें उज्जवल शर्मा ने 20 और विनय कामवार ने 15 रन बनाए रॉयल क्लब की तरफ़ से गेंदबाज़ी में तनुज गुर्जर ने 4 विकेट और शिवम गुर्जर ने 3 विकेट लिये जवाब में रॉयल क्लब की टीम ने 10 विकेट से मैच जीत लिया जिसमे गौरव सिंह ने 38 रन और आदित्य व्यास ने 24 रन बनाए

तिवारी ने यह भी बताया कि कल प्रतियोगिता में दो मैच खेले जाएंगे पहला मैच बैंकेंर्स क्लब वर्सेस बोस्टर्स क्लब के मध्य खेला जाएगा तथा दूसरा मैच गोपालगढ़ क्लब वर्सेस गुरु क्लब के बीच में खेला जाएगा आज के मैच की अंपायरिंग आरसीए से मान्यता प्राप्त पंकज गोयल व देवेंद्र कुमार कालू ने की तथा स्कोरिंग रूपेंद्र मोहन ने की व मैच रेफरी की भूमिका में अमरदीप कुमार रहे।उद्घाटन समारोह में जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष विष्णु लोहिया उपाध्यक्ष राजकुमार जैन व राहुल लोहिया, कालीचरण गुप्ता, अवदेश खटाना, बीनू सिंह, आदित्य चौधरी, यदुवीर सिनसिनी एवं आरसीए के ऑफिसियल संजय बघेल व वरिष्ठ खेल पत्रकार संजीव चिनिया उपस्थित थे।

ए.डी.पी.सी. ने स्कूलों का किया निरीक्षण नामांकन बढ़ाने और शिक्षा की गुणवत्ता पर दिया जोर

- विद्यालय का निरिक्षण करते ए.डी.पी.सी. दिनेश गुप्ता

गंगापुर (निसं)। अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक (ए.डी.पी.सी.) दिनेश कुमार गुप्ता ने गंगापुर सिटी ब्लॉक के स्कूलों और कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रवेश प्रक्रिया, नामांकन वृद्धि और शैक्षणिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में उन्होंने स्टाफ बैठक ली और प्रवेश कार्ययोजना की समीक्षा की। नामांकन लक्ष्य की प्रगति संतोषजनक न पाए जाने पर ए.डी.पी.सी. ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कार्यवाहक प्रधानाचार्य और प्रवेश प्रभारी को प्रभावी रणनीति बनाकर अधिकतम नामांकन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

छात्राओं की अटेंडेंस और नामांकन बढ़ाने पर जोर

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के निरीक्षण के दौरान उपलब्ध संसाधनों और व्यवस्थाओं का परीक्षण किया गया। यहां बालिकाओं की नियमित उपस्थिति और नामांकन वृद्धि पर विशेष जोर दिया गया। वहीं स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल में जनसहभागिता से विद्यालय विकास और कक्षा 11-12 में नामांकन बढ़ाने के निर्देश दिए गए। ए.डी.पी.सी. दिनेश गुप्ता ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ अधिकतम नामांकन सुनिश्चित करना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

आधा दर्जन पटाखा बाइकों को जब्त किया

छबड़ा (निसं)। यातायात पुलिस ने प्रभारी चंद्र प्रकाश के नेतृत्व में धरनावदा चौराहा पर तेज आवाज वाले मॉडिफाइड साइलेंसर लगी आधा दर्जन पटाखा बाइकों को जब्त किया गया। यह कार्रवाई डीएसपी ताराचन्द के निर्देशन में की गई। यातायात प्रभारी ने बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाली इन बाइकों में अवैध रूप से मॉडिफाइड साइलेंसर लगे थे, जिनसे पटाखे जैसी तेज आवाज निकलती थी। जब्त किए गए वाहनों के मालिकों के लाइसेंस निरस्त करने की आगे की कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसे वाहनों से ध्वनि प्रदूषण बढ़ने के साथ साथ आमजन को परेशानी होती है।

जिला स्तर पर हुई सम्मानित

रुदावल, भरतपुर (निसं)। रुदावल कस्बा निवासी एवं आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय रुदावल की छात्रा मनुभद्रा जांगिड़ को सत्र 2025- 26 की दसवीं बोर्ड परीक्षा में 91.67 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर आदर्श विद्या मंदिर समिति द्वारा आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय केशव नगर, भरतपुर में प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। छात्रा ने हिंदी, अंग्रेज़ी व संस्कृत में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि प्राप्त की है। छात्रा के पिता महेश जांगिड़ पेशे से व्याख्याता हैं व माता गृहिणी है। छात्रा जन्म से ही स्किलियोरिसिस से पीड़ित होने पर भी इस लक्ष्य तक पहुंची है। छात्रा ने अपनी सफलता में अपने गुरुजनों व परिजनों के अपेक्षित सहयोग के लिए सभी की महत्वपूर्ण भूमिका मानी है। छात्रा की इस उपलब्धि पर विद्या भारती की ओर से संचालित आदर्श विद्या मंदिर संस्था की ओर से जिला स्तर पर सम्मानित किया गया है। इस उपलब्धि एवं सम्मान से छात्रा के परिवार में खुशी का माहौल है।

परशुराम जयन्ती पर शहर में निकली भव्य शोभायात्रा

- विभिन्न संगठनो ने स्वागत में बिछाए पलक पावडै
- भगवान परशुराम के जयकारे से गुजमान हुआ शहर

गंगापुर सिटी । भगवान परशुराम जन्मोत्सव के तहत रविवार को सनाढ्य गौड़ ब्राह्मण समाज द्वारा पुरानी अनाज मण्डी स्थित सीताराम जी के मंदिर से विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सजीव झांकियां सहित डीजे, रथ सहित बैण्डवाजे आकर्षण का केन्द्र रहे। समाज के प्रबुध जनो ने विधी विधान से भगवान परशुराम की पूजा अर्चना करप्रतिमा को रथ में विराजित करा कर शोभायात्रा का शुभारम्भ किया गया। शोभायात्रा पुरानी अनाज मण्डी परिसर की परिक्रमा करते हुए पंचायत समिति, कचहरी रोड, सब्जी मण्डी, व्यापार मण्डल, देवी स्टोर चौराहा होते हुए परशुराम छात्रावास पहुंची।

इस दौरान शोभायात्रा का जगह जगह विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनो ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। सैकड़ों युवाओं, बुजुर्गों और समाजजनों की भागीदारी वाली इस रैली का जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत हुआ, वहीं "जय परशुराम" के नारों से शहर गूंज उठा। शोभायात्रा में हरिप्रसाद बोहरा, डॉ. अनुज शर्मा, कुलदीप जैमिनी, घनश्याम शर्मा, भगवान पाराशर, नीरज काडोल्या, कौशल बोहरा, गोविंद पाराशर, राकेश उपाध्याय, संदीप जैमिनी, दिलीप तिवाड़ी, नागेश लोढ़ी, राजेश शर्मा, अशोक शर्मा, रामबाबू शर्मा, नरेंद्र भगवती, निर्मल अमरगढ़िया, गौरीशंकर शुक्ला, राजेश आचार्य सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

शोभायात्रा में भगवान परशुराम जी की, भगवान राम बारात की, भगवान कृष्ण की, बाजीराव जी की, चाणक्य जी की, भगवान शंकर रुद्र ,वीर हनुमान आदि की सजीव झांकिया सजाई गई। भगवान परशुरामजी की शोभा यात्रा का जगह जगह स्वागत हुआ जिसमें अग्रवाल समाज ने कचहरी रोड पर, बजाजा ट्रस्ट ने, श्री श्याम सखा मित्र मंडल ने, श्री श्याम परिवार सेवा समिति, मानव सेवा संस्थान ने, मिथलेश व्यास और जमनालाल वैष्णव, राम भरोसी वैष्णव, मुकेश देहात, ब्राह्मण महासंघ, राजेश गौतम,गुर्जर गोड, जैन समाज, खंडेलवाल समाज, वैश्य समाज सहित सभी समाजों ने समाज के प्रबुधजनो का माला एवं साफा पहना कर व पुष्पवर्षा कर एवं पेय पदार्थ पिला कर भव्य स्वागत किया।

800 मीट्रिक टन गेहूं की हुई खरीद: 2735 रुपये प्रति क्विंटल मिल रहा है

हिंडौन सिटी। कैलाश नगर स्थित कृषि उपज मंडी यार्ड में इन दिनों रबी फसलों की भारी आवक देखने को मिल रही है। सरकारी खरीद केंद्रों पर भारतीय खाद्यनिगम (भारतीय खाद्य निगम) द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य () पर गेहूं की खरीद जारी है, जिससे किसानों में उत्साह का माहौल है। कैलाश नगर मंडी में भारतीय खाद्य निगम किसानों से 2735 रुपये प्रति क्विंटल (बोनस सहित) के पर गेहूं खरीद रहा है। केंद्र के क्वालिटी इंस्पेक्टर आनंद शर्मा के अनुसार, अब तक 25 मई तक करीब 800 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद पूरी हो चुकी है। 1100 से अधिक किसानों ने कराया पंजीकरण इस खरीद केंद्र पर अब तक 1100 से अधिक किसानों ने पंजीकरण कराया है। पर खरीद शुरू होने के बाद किसानों में राहत और संतोष देखा जा रहा है, क्योंकि उन्हें अपनी उपज का तय और सुरक्षित मूल्य मिल रहा है। बारिश और आंधी से प्रभावित हुई थी फसल की गुणवत्ता रबी फसल सीजन 2026 में मार्च-अप्रैल के दौरान हुई बारिश और तेज आंधी ने गेहूं के दानों की गुणवत्ता और चमक पर असर डाला था। इसी कारण खरीद प्रक्रिया में देरी हुई। बाद में गुणवत्ता में छूट के लिए प्रस्ताव भेजा गया, जिसे केंद्र सरकार ने मंजूरी दी, जिसके बाद खरीद शुरू हो सकी। जिले में 5 खरीद केंद्र जिले में पर गेहूं खरीद के लिए कुल 5 केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें हिंडौन, टोडाभीम, करौली, जीरोता और सपोटरा का बलुआपुरा शामिल हैं। इस बार जिले में गेहूं का रकबा लगभग 85 हजार हेक्टेयर रहा और कुल उत्पादन करीब 3 लाख 41 हजार मीट्रिक टन दर्ज किया गया है। पंजीकरण प्रक्रिया हुई बंद, अब खरीद पर फोकस पर गेहूं बिक्री के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 25 मई तक ही निर्धारित थी। अब केंद्रों पर मुख्य रूप से खरीद प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने पर ध्यान दिया जा रहा है, ताकि किसानों को समय पर भुगतान मिल सके।

लायन हरीशंकर गोयल को अध्यक्ष चुना गया

भरतपुर (निसं)। लायंस क्लब भरतपुर की साधारण सभा की मीटिंग रूचि रेस्टोरेंट गोवर्धन गेट भरतपुर में क्लब अध्यक्ष भरत अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई। जिसमें नोमीनेशन कमेटी मेम्बर लायन नृपेश आर्य, लायन जे.पी. अग्रवाल, लायन महेन्द्र गोठी, लायन रवि सिंघल, लायन विनोद मंगल, मौजूद रहे। नोमीनेशन कमेटी चेयरमैन नृपेश आर्य द्वारा 2026-27 कार्यकारिणी की घोषणा कीं।

नोमीनेशन कमेटी चेयरपर्सन लायन नृपेश आर्य द्वारा निम्न घोषणा की गई। जिसमें पेर्ट्न लायन डॉ. पी.आर. जिंदल, लायन नृपेश आर्य, लायन कपूरचंद सिंघल, अध्यक्ष लायन हरीशंकर गोयल, आईपीपी लायन भारत अग्रवाल, फर्स्ट वाइस प्रेसीडेंट लायन कृष्ण मुरारी अग्रवाल, द्वितीय वाइस प्रेसीडेंट लायन गोपाल चंद सिंघल, थर्ड वाइस प्रेसीडेंट लायन जितेन्द्र अग्रवाल, सचिव लायन सत्यदेव आर्य, कोषाध्यक्ष लायन मनोज झालानी, जोइंट सेक्रेटरी, लायन धवल व्यास, टेल टिवस्टर लायन योगेश अग्रवाल, टेमर लायन लोकेश सिंघल, आडीटर लायन गनेश रामुका, क्लब पीआरओ लायन रजत आर्य, मेम्बरशिप कमेटी चेयरपर्सन लायन महेन्द्र गोठी, क्लब एडमिनिस्ट्रेटर लायन जे.पी. अग्रवाल, क्लब एलसीआईएफ को-ओर्डीनेटर लायन आर.पी. शर्मा, क्लब सर्विस चेयरमैन लायन शिव शंकर बंसल, क्लब मार्केटिंग चेयरपर्सन लायन श्याम सुन्दर गुप्ता, परमानेंट प्रोजेक्ट इंचार्ज लायन विनोद मंगल, डायरेक्टर्स वन ईयर लायन कमलेश अग्रवाल, लायन विकास मित्तल, लायन रूपेश बंसल, लायन भारत किशोर अग्रवाल और डायरेक्टर्स 2 ईयर में लायन जय गोयल, लायन अशोक जैन, लायन मधु गोयल, लायन नीता गर्ग आदि को नोमीनेट किया गया है। जिसका कि सर्व सम्मति से अनुमोदन किया गया। सचिव सत्यदेव आर्य द्वारा गत मीटिंग की कार्यवाही का पठन कर अनुमोदन कराया। अन्तर्राष्ट्रीय एवं प्रान्तीय सूचनाएँ बताई गई, चार्टर नाइट पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का समापन सहभोज के साथ किया गया।

भ्रष्टाचार और राजनीतिक संरक्षण से बढ़ रहे अपराध

- समाज को एकजुट होकर उठानी होगी आवाजः डॉ. उदय भान सिंह

भरतपुर (निसं)। बृहद प्रशासनिक तंत्र की उपस्थिति में अवैध कार्य और अपराध आसानी से हो जाते हैं, ऐसा प्रतीत होता है कि प्रषासन जानबूझकर आँखों पर पट्टी बांधकर चौकीदारी करता है और कार्यवाही के नाम पर खानापूर्ती कर दी जाती है। मित्र सेतु अध्यक्ष डॉ. उदय भान सिंह ने इस संबंध में आमजन से बात की। कृशि उपज मंडी भरतपुर अध्यक्ष रघुवीर सिंह टुण्डा का कहना है कि सभी प्रकार के अपराधों का मूल कारण भ्रष्टाचार और राजनैतिक संरक्षण है, उन्होनें बच्चों में अच्छे संस्कारों की कमी इसका कारण बताया। जाटोली रतभान के छोटू सिंह ने बताया कि युवाओं में बेरोजगारी भी विभिन्न अपराधों का कारण है। गाँव जिरौली के गजेन्द्र सिंह नैतिक शिक्षा की कमी तथा युवाओं की फिजूल खर्ची व दिखावटी जीवन को इसका कारण मानते हैं। डॉ. उदय भान सिंह ने बताया कि अपराध की कीमत अदा करके दण